लिमिटेड को उक्त भूमि अन्य कार्य के लिए क्रय करना जरूरी है।

आवेदक द्वारा बिक्री के लिए प्रस्तावित भूमि सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इंस्टीच्यूट लिमिटेड द्वारा Block Boundary demarcation के आलोक में उपायुक्त, लातेहार के पत्रांक 1000/रा0 दिनांक 08.11.2021 के द्वारा चकला कोल ब्लॉक के अन्तर्गत पड़नेवाले वन भूमि, गैरमजरूआ आम/खास/जंगल–झाड़ी एवं रैयती भूमि का सत्यापन प्रतिवेदन मेसर्स हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड को उपलब्ध कराया गया है। सत्यापन प्रतिवेदन के प्रपत्र–7 में अनुमति हेतु प्रस्तावित भूमि अंकित नहीं है।

इस प्रकार आवेदक द्वारा अनुमति के लिए प्रस्तावित भूमि राज्य सरकार के अधिसूचना द्वारा घोषित नहीं है।

छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा–49(1)(क)(ख) के अन्तर्गत खनन कार्य के उद्देश्य के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि को राज्य सरकार के अधिसूचना द्वारा सम्पुष्टि/घोषित रहने का प्रावधान है।

उपरोक्त परिपेक्ष्य में आवेदक सरवर खान, पिता–स्व0 गुलाम जिलानी खान निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार के द्वारा मेसर्स हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के साथ छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा 49 के तहत् मौजा–चकला के खाता नं0–44, प्लॉट नं0–992/3939, रकबा–0.22 एकड़ भूमि बिक्री की अनुमति के लिए दाखिल आवेदन को अस्वीकृत किया जाता है।

आदेश की प्रति उभय पक्ष, अंचल अधिकारी, चन्दवा एवं अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार को उपलब्ध करायें। अभिलेख को जिला अभिलेखागार में जमा करें।

लिखाया एवं शुद्ध किया।

लातेहार।

Digitally signed by Garima Singh
Date: 2024.09.20 16:14:35 +05:30
Location: 192.168.164.143

उपायुक्त,
लातेहार।